भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तरांचल UTTARANCHAL **00AA 836391**

यह जनरल स्टाम्प पेपर ....सर्वोदय जनहित विकास शिक्षा समिति, ग्राम [illegible] तहसील किच्छा जनपद उधमसिंह नगर

नामक संस्था के 28.11.06 के अनुसार पत्र

की प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ संलग्न है।

HA-285

कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार समितियां ★ कुमाऊँ क्षेत्र हल्द्वानी (नैनीताल)

(signature)

डिप्टी रजिस्ट्रार
फर्म्स सोसाईटीज एवं चिट्स
कुमायूं मण्डल, हल्द्वानी (नैनीताल)

# संशोधित स्मृति पत्र

1 – संस्था का नाम :– **अर्वोडी ग्राम्य विकास शिक्षा समिति ।**

2 – संस्था का पूरा पता :– **ग्राम–बन्डिया, तहसील–किच्छा, जनपद–उधमसिंह नगर ।**

3 – संस्था का कार्यक्षेत्र :– **सम्पूर्ण भारत बर्ष ।**

4 – संस्था के उद्देश्य :– निम्न प्रकार है –

**1** : राष्ट्र भाषा / प्रान्तीय भाषाओं के व्यापक संचार एवं प्रसार के लिये देवनागरी लिपी, उर्दू, पंजाबी, बंगाली, मराठी, गढ़वाली, राजस्थानी, संस्कृत, आदि भाषाओं का सरकारी कार्यक्रमों द्वारा प्रोत्साहित करना तथा जनसाधारण को शिक्षित करना ।

**2** : देश एवं समाज को नशा एवं जुआ मुक्त कराने के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा तथा राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्र्तराष्ट्रीय समाजिक संस्थाओं द्वारा किये जा रहे प्रयासों व कार्यक्रमों में भाग लेकर उसे सही रुप में सफल बनाने के क्षेत्र में कार्य करना ।

**3** : ग्रामीण, शहरी, पेयजल, एवं पर्यावरणीय स्वच्छता, सम्बन्धी एवं अन्य सफाई सम्बन्धित कार्यक्रमों को बढ़ावा देना व सम्बन्धित समस्याओं के निदान हेतु सरकारी, गैरसरकारी संस्थानों एवं जनसामान्य के बीच सहयोग का कार्य करना । पर्यावरण सम्बन्धी शिक्षण एवं प्रशिक्षण देना पर्यावरण सम्बन्धी रिसर्च केन्द्रों की स्थापना कर प्रशिक्षण देना तथा पर्यावरण के महत्व को जनता में बता कर जागरुकता पैदा करना ।

**4** : निर्धन विकलांगों के लिये ऐसे विषयों का स्थापना केन्द्र खोलना जिससे वह अपने रोजी रोटी के साधन जुटा सके जैसे संगीत विघालयों का संचालन करना तथा कई प्रकार के कूटीर उघोगों की स्थापना करना तथा उसका सुचारु रुप से संचालन करना, शैक्षिक संस्थानों में, एवं स्वयं निःशुल्क कम्प्यूटर ट्रेनिग सेन्टर का संचालन करना एव प्रमाण पत्र जारी करना ।

**5** : स्वास्थ्य रक्षा की दिशा में प्राकृतिक उपचार व्यायामशाला, मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र / गृह की स्थापना करना संचालन करना तथा उसकी व्यवस्था करना ।

**6** : ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बेरोजगार महिलाओं, युवाओं एवं युवतियों के लिये तथा आर्थिक रुप से पिछडे वर्गो के लिये भारत सरकार द्वारा तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे उपक्रमों, जिसमें इस तरह के कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का प्रावधान है, उनसे सहयोग लेकर ग्रामोघोग लगवाना तथा इसी तरह के उघोग को प्रोत्साहित करने को कालीन उघोग, मशरुम उघोग, प्लास्टिक उघोग, व अन्य उघोग जैसे रेशम के कीट पालन, सुअर पालन, डेयरी, मधुमक्खी पालन, व अन्य सिलाई, कढ़ाई, पेंटिग, ब्यूटी पार्लर, मोमबत्ती, अगरबत्ती, बनाना, अचार, मोरब्बे, जैली, जैम, पापड, तथा मसालें आद्वि के निमार्ण उघोग, फल संरक्षण उघोगो से सम्बन्धित स्वरोजगार का प्रशिक्षण देना, उसकी व्यवस्था कर संचालित करना।

अर्चना आरती

उपरत हस्ताक्षर अपठनीय

Kiran Rani

सत्य प्रतिलिपि

डिप्टी रजिस्ट्रार
फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स
कुमायूं मण्डल, हल्द्वानी (नैनीताल)

7 : ग्रामीण के सर्वागीण विकास हेतु सरकार द्वारा संचालित टीकाकरण, परिवार कल्याण, बाल विकास, स्त्री शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा, आंगनबाड़ी, आदि, समग्र विकास के कार्यक्रमों को करना व सरकारी / व गैरसरकारी कार्यक्रमों के बीच सहयोग करना ।

8 : संस्था के उद्देश्य की पूर्ति के लिये सरकारी, अर्धसरकारी, स्थाई विभागों, निकायों, बैकों, तथा अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं, द्वारा देश हित में चलाये जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं को प्रोत्साहित करना तथा इनके अनुरुप सही शिक्षण व प्रशिक्षण की निःशुल्क व्यवस्था करना ।

9 : रोजगार, निराश्रितों विकलांगों की सहायतार्थ उन्हे समाज में सही स्थान दिलाने के लिये उच्च शिक्षा पर सही जोर देना तथा तकनीकी एवं व्यवसायिक पाठ्कम प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित कर शिक्षा एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था करना ।

10 : ऊसर भूमि सुधार हेतु व आधुनिक कृषि तकनीकी व जैविक खाद उर्वरक द्वारा खेती की जानकारी तथा सम्बन्धित परियोजनाओं से अवगत कराना, व सम्बन्धित प्रशिक्षण देना ।

11 : विधवाओं, वृद्धों व अपंगो के लिये कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा आश्रय प्रदान करना, तथा वृद्धाश्रमों व गृहो की व्यवस्था करना तथा उसका संचालन करना ।

12 : संस्था के उद्देश्य की पूर्ति के लिये व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से सर्वमान्य चन्दा, दान, अनुदान अथवा ऋण प्राप्त करना ।

13 : मन्दबुद्धी, विकलांगो, नेत्रहीनो, निराश्रितों, बेरोजगारों के लिये रोजगार पूरक विषय जैसे कम्प्यूटर शिक्षा, टाइपिंग, ड्राइविंग, बुनकर, कास्त कला, ब्यूटिशियन, फैशन डिजाइनिंग, सिलाई, कढ़ाई, प्लाष्टिक का सामान बनाना, बल्ब फैक्ट्री का काम सिखाना, मोती डाइमण्ड कटिंग प्रशिक्षण, इसी तरह के विषयों का प्रशिक्षण देकर इनको आत्म निर्भर बनाने के क्षेत्र में प्रयास कर प्रशिक्षण शिविर तथा केन्द्रों की स्थापना कर निःशुल्क व्यवस्था करना तथा उनके रोजगार, उत्थान, व विकास आदि से सम्बन्धित कार्य करना ।

14 : भारतीय संस्कृति एव राष्ट्रीय धरोहर की रक्षा, विकास, एवं संरक्षण हेतु जागरुकता, समय समय पर लोक संगीत, लोकनृत्य एवं संस्कृति के पुर्नउद्धार हेतु प्रशिक्षण देना, संस्कृतिक कार्यकम आयोजित करना विचार गोष्ठीयॉ एवं नुक्कड सभायें तथा जन जागरण कार्यक्रम को (सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग ) द्वारा निर्धारित दरों पर इस तरह के कार्यक्रमों को कर जनता को जागरुक बनाना तथा जनता की समस्याओं को शासन के बीच में लाना तथा संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये नागरिकों को एक जुट करना व उनका प्रचार प्रसार करना ।

15 : व्यक्तित्व विकास से सम्बन्धित एवं विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु आर्थिक रुप से पिछड़े युवक युवतियो को प्रोत्साहित करना व प्रशिक्षित करना, व ऐसे सम्बन्धित केन्द्रों का संचालन करना तथा विभिन्न क्षेत्र में चहुमुखी प्रतिभाओं की खोज करना जो देश को गौरवान्वित कर सके ।

समस्त हस्ताक्षर अपठनीय

सत्य प्रतिलिपि

डिप्टी रजिस्ट्रार
फर्म्स सोसाईटीज एवं चिट्स
कुमायूं मण्डल, हल्द्वानी (नैनीताल)

16 : संस्था हेतु संचालित विभिन्न सरकारी संस्थाओं /उपक्रमों अन्य गैर सरकारी संगठनों द्वारा चलाये जा रहे समाज हित के कार्यक्रमों के लिये विभिन्न सरकारी संस्थाओं जैसे खादी ग्रामोघोग, ट्रेड आयोग, के सभी कार्यक्रम, शहरी विकास, ग्रामीण विकास, मंत्रालय विभागो के कार्यक्रम, सिफसा, राष्ट्रीय महिला कोष, यूनिसेफ, केन्द्रिय समाज कल्याण बोर्ड, खाघ एवं वन तथा पर्यावरण समाज कल्याण समाजिक अधिकारिता एवं न्याय, महिला विकास विभाग मानव संसाधन, आदि मंत्रालय एवं उनके विभागो द्वारा संचालित सभी कार्यक्रम में सहयोग देना तथा कार्यक्रम को संचालित करना संस्था का उद्‌देश्य होगा । इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय मानवधिकार आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग, आदि की मदद से समाज में पीडित व्यक्तियों को न्याय दिलाना तथा मजदूरों एव बाल मजदूरों की दशा सुधारने हेतु मास्टर रोल पर आधारित दैनिक मजदूरी के निमार्ण कार्य कराना तथा इस हेतु मजदूरों का सर्वेक्षण करना एवं ऐसे सभी विभागों के कार्यक्रम संचालित कर निमार्ण कार्य, मजदूरों के समूहों के द्वारा सुनिश्चित कराना संस्था का उद्‌देश्य होगा ।

17 : संस्था द्वारा निराश्रित, वृद्धों, एवं विधवाओं, परित्यक्वताओं महिलाओं आदि के लिये वृद्धाश्रम, अनाथालयों, एवं शार्ट स्टे होम, की निशुल्क व्यवस्था करना/स्थापना कर संचालित करना संस्था का उद्‌देश्य होगा ।

18 : समाजिक कुरीतियॉ दूर करने, पर्यावरण एवं छात्रों के बौद्धिक विकास हेतु बढावा देने के लिये विभिन्न प्रकार के शोध विषय जैसे खेल कूद, टीचर ट्रेनिगं शिक्षण, का प्रशिक्षण आदि निःशुल्क आयोजित कर विभिनन क्षेत्रों में उन्हें सम्मानित करना उन्हें प्रशस्ति पत्र/प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित करना संस्था का उद्‌देश्य होगा ।

19 : कुष्ठ, अपाहिज, एव संक्रामक रोगो से ग्रस्त, एड्स, टूयूबरोक्लाइटिस, मलेरिया, हेपिटाइटिस, कैन्सर, आदि रोगो से पीडित निराश्रित निःसहायक लोगो को निःशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था करना व आश्रय की व्यवस्था करना ।

20 : ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेय जल हेतु विकास एव सभावित परियोजना के द्वारा पेयजल उपलब्ध कराना पुराने स्त्रोतो को प्रदूषण से बचाने हेतु जागरुकता व उसके निराकरण हेतु सरकारी व अन्य प्रस्तावित योजनाओं द्वारा समस्याओं का निराकरण करना ।

21 : पेय जल स्त्रोतो में पानी की मात्रा में हुई कमी का प्लांटेशन व अन्य तकनीकी द्वारा पानी की मात्रा में आई कमी को बराबर करने या बढ़ाने के लिये संसाधनों से सम्बन्धित परियोजनाओं के द्वारा इन्हें दूर करने का प्रयास करना ।

22 : ग्रामीण विकास योजनाओं के अर्न्तगत एवं शोध संस्थाओं के माध्यम आदि से खाघय प्रसंस्करण के क्षेत्र में जड़ी बूटी, विकासोन्मुख कार्यक्रम तथा महिला समूह अल्पसख्यक समूह, अनूसूचित जाति, जन जाति, समूह गरीब व अन्य वर्ग के युवक/युवती, महिला के समूह स्थापित करना तथा उन विभागों से जोड़ना जो इन समूहों का लाभान्वित करते है ।

23 : बायो डीजल बनस्पति/पैधा उत्पादन व उघोग सम्बन्धित तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर युवक युवतियों को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित करना ।

अधनीस्त हस्ताक्षर अपठनीय

सत्य प्रतिलिपि

फर्म्स सोसाईटीज एवं चिट्स
कुमायूं मण्डल, हल्द्वानी (नैनीताल)

**24** : गरीब वर्ग निराश्रित लोगो का निःशुल्क कानूनी परामर्श देना न्यायालयों में निशुल्क पैरवी करना, न्याय दिलाना व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना व सहायता करना ।

**25** : दैविक आपदा, बाढ़, भूकम्प, महामारी बीमारी, आदि के प्रति जनचेतना जागृत करना एवं उनसे बचाव, रक्षा, एवं उपचार तथा राहत आदि कार्यक्रम के संचालन का प्रयास करना एवं सरकार द्वारा चलाये जा रहे बचाव कायक्रर्म में सहयोग करना एवं प्रचार प्रसार करना ।

**26** : संस्था के माध्यम से केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित हथकरघा, हस्तशिल्प, औघोगिक विकास, खादी ग्रामोघोग, ग्राम्य विकास अभिकरण, पर्यावरण ग्रामीण एवं लघु कुटीर उघोगो को बढ़ावा देने प्रशिक्षण देने का निःशुल्क प्रयास करना ।

**23** : संस्था के उद्‌देश्य व्यवसायिक न होकर **कल्याणकारी** होंगे ।

AVORDE Gramya Vikas Shiksha Samiti
Reg. 17/2001-02
(U.S.Nagar) Uttaranchal (India)

हस्ताक्षर

समस्त हस्ताक्षर अपठनीय

सत्य प्रतिलिपि

डिप्टी रजिस्ट्रार
फर्म्स सोसाईटीज एवं चिट्स
कुमायूं मण्डल, हल्द्वानी (नैनीताल)

प्रतिलिपि कर्ता ............
मिलान कर्ता ............
दिनांक 22-11-06